उत्तर प्रदेश का भूगोल

भौतिक संरचना

- उत्तर प्रदेश भारत के उत्तर मध्य में स्थित एक सीमान्त राज्य है जिसकी ग्लोब पर स्थिति $23^0 52'$ से $30^0 24'$ उत्तरी अक्षांश तथा $77^0 05'$ से $84^0 38'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य है
- पूर्व से पश्चिम तक इसकी लम्बाई 650 किमी और दक्षिण से उत्तर की चौड़ाई 240 किमी है |
- उत्तर प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 243,286 वर्ग किमी है, जो भारत के सम्पूर्ण क्षेत्रफल का 7.33% है |
- उत्तर प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का नगरीय क्षेत्र : 2.70% (6,558 वर्ग किमी)
- क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश मे स्थान: 4वाँ (क्रमशः राजस्थान, म.प्र. व महाराष्ट्र के बाद)
- उ.प्र. की सीमाएं कुल 9 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेश से लगी हुई है|
- उ.प्र. की सीमाएं को स्पर्श करने बाले राज्य है : हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार, उत्तराखंड
- उ.प्र. की सीमाएं को स्पर्श करने वाला केन्द्र शासित प्रदेश है: दिल्ली
- उ.प्र. की सबसे लम्बी सीमा मध्य प्रदेश को स्पर्श करती है |
- उ.प्र. की सबसे छोटी सीमा हिमाचल प्रदेश को स्पर्श करती है
- नेपाल की सीमा से लगे हुए 7 जिलें क्रमश : महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर और पीलीभीत।
- प्रदेश की नेपाल सीमा लम्बाई: लगभग 579 किमी
- उत्तराखण्ड की सीमा से लगे 7 जिलें क्रमशः सहारनपुर, मुजफ्फर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और पीलीभीत।
- हरियाणा की सीमा से लगे 6 जिले क्रमशः : सहारनपुर, शामली, बागपत, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और मथुरा।
- दिल्ली की सीमा से लगे 2 जिले क्रमश: गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर
- हरियाणा और उ0प्र0 के बीच सीमा निर्धारक नदी: यमुना
- राजस्थान की सीमा से लगे 2 जिले क्रमश : आगरा एवं मथुरा
- मध्यप्रदेश की सीमा से लगे 11 जिले क्रमशः आगरा, इटावा, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोंबा, बांदा, चित्रकूट, इलाहाबाद, मिर्जापुर और सोनभद्र।
- बिहार की सीमा से लगे 7 जिले क्रमश : सोनभद्र, चन्दौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर (पडरौना) और महराजगंज।
- छत्तीसगढ़ की सीमा से लगा जिला: केवल सोनभद्र
- झारखण्ड की सीमा से लगा जिला: केवल सोमभद्र
- जिला सोनभद्र की सीमा से लगे राज्यों की संख्या: 4 (म0प्र0, छत्तीसगढ़, झारखण्ड तथा बिहार)
- जिला सहारनपुर से सटे की सीमा से लगे राज्यों की संख्या: 3 (हरियाणा, हिमाचल तथा उत्तराखण्ड)

- उत्तर प्रदेश के सबसे दक्षिणी बिन्दु को स्पर्श करने वाला राज्य: छत्तीसगढ़
- त्तर प्रदेश के सबसे पूर्वी और पश्चिमी बिन्दु को स्पर्श करने वाले राज्य: बिहार और हरियाणा
- सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले 4 जिले घटते क्रम में: खीरी, सोनभद्र, हरदोई, सीतापुर
- उ.प्र. को वर्तमान में प्रमुखतः तीन प्राकृतिक प्रदेशों में विभाजित किया गया है :
- (i) गंगा का मैदान, (ii) भॉवर - तराई का प्रदेश (iii) दक्षिण का पठारी प्रदेश
  (i)गंगा का मैदान: गंगा यमुना का विस्तृत मैदान की ऊचाई समुद्र तल से औसत 300 M है| इस मैदान का निर्माण कॉप मिटटी से हुआ है|
  (ii) भावर - तराई का प्रदेश: इस क्षेत्र का विस्तार उत्तर पश्चिम में सहारनपुर से लेकर पूर्व में कुशीनगर तक है| यह क्षेत्र समतल और नम है| यहाँ वर्षा ज्यादा होने से दलदल मैदान पाए जाते है|
  (iii) दक्षिण का पठारी प्रदेश: इस क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 45200 वर्ग किलोमीटर है| दक्षिण का पठारी प्रदेश के अंतर्गत बुदेलखंड और बघेलखंड के भू-भाग सम्मिलित है|

उत्तर प्रदेश की जलवायु

- उत्तरप्रदेश की जलवायु मुख्य रूप से **उष्ण प्रधान शीतोष्ण कटिबंधीय एवं मानसूनी** है फिर भी धरातलीय विषमताओं और समुद्र तल से विभिन्न स्थानों की भिन्न-भिन्न ऊंचाइयाँ होने के कारण यहां की जलवायु में विषमता मिलती है।
- तीन ऋतुएँ : ग्रीष्म, वर्षा एवं शीत

ग्रीष्म ऋतु:

- उ.प्र. में ग्रीष्म ऋतु मध्य मार्च से मध्य जून तक रहती है |
- ग्रीष्म ऋतु में औसतन तापमान 36^{0}C से 39^0 C अधिकतम तथा 21^{0}C से 23^0 C न्यूनतम रहता है|
- उ.प्र. के बुदेलखण्ड में सर्वाधिक औसत तापमान पाया जाता है| इसका कारण इसकी कर्क रेखा से नजदीक है|

वर्षा ऋतु:

- उ.प्र. में वर्षा ऋतु जून के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर तक रहती है|
- उ.प्र. में सर्वाधिक वर्षा जुलाई और अगस्त महीने में होती है|
- इस ऋतु में औसतन तापमान 32^{0}C से 34^0 C अधिकतम तथा 25^{0}C न्यूनतम रहता है|

शीत ऋतु:

- उ.प्र. में शीत ऋतु अक्टूबर से फरवरी तक रहती है|
- उ.प्र. में सर्वाधिक ठण्ड जनवरी महीने में पड़ती है|
- इस ऋतु में औसतन तापमान 10^0C न्यूनतम रहता है|

byjusexamprep.com